Publication: Navbharat Times
Date: 09/08/2020

NBT
नवभारत टाइम्स

कुछ फिल्में ओटीटी के लिए भी तैयार, फॉलो करेगा बॉलिवुड?

हॉल में ही फिल्में रिलीज करने के मूड में हॉलिवुडवाले

भारत में सिनेमा बंद होने के चलते फिल्मों के सीधे तीसरे पर्दे पर रिलीज होने को लेकर बहस जारी है। इसी बीच हॉलिवुड की एक और बड़े बजट की फिल्म मुलान ओटीटी पर रिलीज हो रही है, वहीं टेनट सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बेशक इनके नतीजे सिनेमा का भविष्य तय करेंगे :

Prashant.Jain@timesgroup.com

भारत में लॉकडाउन के चलते सिनेमाघरों को बंद हुए करीब पांच महीने हो चुके हैं और आगे भी सिनेमा खुलने की कोई तारीख तय नहीं है। इसलिए तमाम बॉलिवुड फिल्मों के निर्माताओं के अपनी फिल्मों को सीधे तीसरे पर्दे पर रिलीज करने का सिलसिला जारी है। हालांकि बड़े पर्दे के लिए बनीं फिल्मों के सिनेमा बंद होने के चलते सीधे तीसरे पर्दे पर रिलीज होने को लेकर सिनेमा इंडस्ट्री में बहस जारी है। लेकिन इसी बीच हॉलिवुड में भी बड़ी फिल्मों के सीधे ओटीटी पर जाने का सिलसिला शुरू हो गया है।

कौन सी फिल्म ज्यादा कमाएगी

खबर है कि पहले सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार डिज्नी स्टूडियोज की फिल्म मुलान अब सीधे डिज्नी हॉटस्टार पर रिलीज होगी। इस बारे में बात करने पर ट्रेड एनालिस्ट गिरीश जौहर ने बताया, '200 मिलियन डॉलर की दो फिल्में मुलान और टेनेट अलग-अलग राहों पर चल रही हैं। मुलान 4 सितंबर को ओटीटी पर रिलीज हो रही है, तो टेनेट 4 सितंबर को ही थिएटर में रिलीज होगी। जिन देशों में ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी हॉटस्टार उपलब्ध नहीं है, वहां अगर सिनेमाघर खुल गए हैं, तो मुलान वहां सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं टेनेट को उन सभी देशों में रिलीज किया जाएगा जहां सिनेमाघर खुल गए हैं। बेशक, कोरोना महामारी के दौर में ये दोनों फिल्में सिनेमा के भविष्य की राहें तय करेंगी।

दर्शक बुलाने में मदद
सिनेमा खुलने पर निर्माता नई फिल्में रिलीज नहीं करेंगे। हॉलिवुड की नई फिल्में रिलीज होंगी, तो दर्शक सिनेमाघर आएंगे। -योगेश रायजादा, वाइस प्रेसिडेंट, वेव सिनेमाज

सिनेमा को फायदा
टेनेट और वंडर वुमन 1984 जैसी फिल्में रिलीज होने का फायदा सिनेमाघरों को मिल सकता है। इन्हें देखने दर्शक सिनेमाघर आएंगे। -कपिल अग्रवाल, जेएमडी, यूएफओ मूवीज

हालांकि इसमें कोई दो राय नहीं है कि सिनेमा कहीं नहीं जा रहे, लेकिन अगर मुलान ने तीसरे पर्दे पर अच्छा प्रदर्शन किया और स्टूडियोज को उससे अच्छी कमाई हुई, तो यह दूसरी फिल्मों को कमाई की नई राह दिखाएगी। इससे हॉलिवुड के स्टूडियोज को इस बात का आइडिया लग जाएगा कि क्या वे अपनी बड़े बजट की फिल्मों को ओटीटी पर रिलीज करके कमाई कर सकते हैं और आगे की प्लानिंग कर पाएंगे।'

हॉलिवुड से है सबको उम्मीद

भारत में सिनेमावालों को पूरी उम्मीद है कि सिनेमाघर अगले महीने खुल जाएंगे। ऐसे में, बॉलिवुडवाले भले ही शुरुआत में अपनी नई फिल्मों को रिलीज ना करें, लेकिन हॉलिवुड की नई फिल्मों से सिनेमावालों को काफी उम्मीद हैं। वेव सिनेमाज के वाइस प्रेसिडेंट योगेश रायजादा कहते हैं, 'सिनेमा खुलने पर एकदम से निर्माता अपनी नई फिल्मों को रिलीज नहीं करेंगे। ऐसे

में, हमारे पास पुरानी सुपरहिट फिल्मों को चलाने के अलावा कोई और ऑप्शन नहीं होगा। लेकिन अगर उस दौरान हॉलिवुड की नई फिल्में रिलीज होंगी, तो हमें दर्शकों को सिनेमाघर बुलाने में मदद मिलेगी।' वहीं बेशक यूएफओ मूवीज के जेएमडी कपिल अग्रवाल कहते हैं, 'आने वाले दिनों में टेनेट और वंडर वुमन 1984 जैसी बड़ी हॉलिवुड फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। इसलिए हॉलिवुड के तमाम स्टूडियोज ने मिलकर सरकार से सिनेमा खोलने की मांग की है। आने वाले दिनों में हमारे यहां के सिनेमाघरों को भी इसका फायदा मिल सकता है कि हम हॉलिवुड की नई और बॉलिवुड की पुरानी फिल्मों के सहारे सिनेमा खोल सकते हैं। हमारे यहां भी दर्शक हॉलिवुड की नई फिल्मों को देखने सिनेमा में आएंगे। इससे भारतीय निर्माताओं को भी दर्शकों का रिस्पॉन्स भी पता लग जाएगा कि वे सिनेमा में आएंगे या नहीं।'

टेनेट होगी सबसे पहली रिलीज

फिल्मी दुनिया के जानकारों का मानना है कि भारत में सिनेमाघरों के खुलने की शुरुआत टेनेट से हो सकती है। गिरीश बताते हैं, 'लॉकडाउन के बाद पहली बड़ी हॉलिवुड फिल्म टेनेट रिलीज होगी, जो कि पहले 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। लेकिन दुनिया भर में सिनेमा नहीं खुलने की वजह से अब यह 4 सितंबर को रिलीज हो रही है। यह एक बहुत बड़ी फिल्म है। इस फिल्म के निर्माता चाहते भी हैं कि कोरोना के बाद दुनिया में सबसे पहले रिलीज होने वाली फिल्म बने। वे इसे अलग-अलग देशों में अलग-अलग तारीख को फिल्म रिलीज करने के लिए तैयार हैं। अगर भारत में सिनेमाघरों को अगस्त 15 तक खुलने की हरी झंडी मिल जाती है, तो सितंबर में बाकी दुनिया के साथ ये फिल्म भारत में रिलीज हो सकती है। इसके बाद अगला नंबर मुलान का था, जो कि अब सीधे तीसरे पर्दे पर रिलीज होगी। वहीं अक्टूबर में वंडर वुमन 1984 रिलीज होगी और नवंबर में जेम्स बॉन्ड सीरीज की अगली फिल्म नो टाइम टु डाई दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।'